सांसद आदर्श ग्राम योजना के तहत अधिकारिता समिति की समीक्षा बैठक श्रीमती बिमला कश्यप सूद माननीय सांसद (राज्य सभा) की अध्यक्षता में रोसना हॉल में दिनांक 10-07-2015 को दोपहर 12:00 बजे आयोजित की गई, की कार्यवाही ।

सर्व प्रथम समीक्षा बैठक के प्रारंभ में अतिरिक्त उपायुक्त द्वारा अध्यक्ष महोदया तथा सभी उपस्थित प्रतिभागियों का स्वागत किया गया तदोपरांत सांसद आदर्श ग्राम योजना के तहत ग्राम पंचायत थड़ी में इस योजना के क्रियान्यवन के लिए बनाई गई ग्राम विकास योजना (VDP) में निर्धारित प्राथमिकताओं व समय सारणी के बारें में विभागीय अधिकारियों के साथ विस्तारपूर्वक चर्चा की गई तथा अध्यक्ष महोदया द्वारा निम्नलिखित निर्देश दिए गए ।

- उप-निदेशक प्राथमिक शिक्षा, शिमला को कहा गया कि राजकीय प्राथमिक पाठशाला शोघी के भवन जो की जर्जर हालत में है की मरम्मत के लिए व्यक्तिगत रूची लें, प्रयास करें और इस कार्य की प्रगति 15 दिनों में अतिरिक्त उपायुक्त शिमला को रिपोर्ट करें ।
- अग्रणी जिला प्रबंधक (LDM) शिमला व प्रधान ग्राम पंचायत थड़ी को निर्देश दिए गए कि ग्राम पंचायत थड़ी की प्रत्येक बालिका, जिनकी आयु 10 साल से कम हैं **बालिका समृद्धि योजना** के अंतर्गत बैंक में खाता आवश्यक रूप से खुलवाएं व प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करें ।
- जिला समन्वयक, नेहरु युवा कैंद्र, शिमला को निर्देश दिए गए कि ग्राम पंचायत थड़ी में युवक व महिला मंडलों के माध्यम से क्षमता निर्माण तथा युवा नेतृत्व के शिविरों का आयोजन किया जाए व उनकी भागीदारी सरकार के विभिन्न कार्यक्रमों में लोगों में चेतना लेने हेतु ली जाएँ ।
- क्षेत्रीय रोजगार अधिकारी शिमला को निर्देश दिए गए कि प्रधान ग्राम पंचायत थड़ी के साथ वार्तालाप करके कौशल विकास भत्ते के प्रचार के लिए जागरूकता शिविरों का आयोजन करवाएं ।
- मुख्य चिकित्सा अधिकारी शिमला को जिला ग्रामीण विकास अभिकरण शिमला के साथ संयुक्त रूप से ग्राम पंचायत थड़ी में स्वास्थ्य जांच के शिविरों का आयोजन करवाने के निर्देश दिए गए ।
- खण्ड विकास अधिकारी, विकास खण्ड मशोबरा को निर्देश दिए गये कि अगले दो हफ्तों में ग्राम पंचायत थड़ी में ग्राम दिवस समारोह (Village Divas) का आयोजन किया जाये।
- खण्ड विकास अधिकारी, विकास खण्ड मशोबरा को निर्देश दिए गये कि ग्राम पंचायत थड़ी के लिए जो सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना (MPLADS) से राशी स्वीकृत हुई है उसके अंतर्गत कार्यों का कार्यान्वन बहुत धीमी गति से हो रहा है और कहा की इन कार्यों की गति को तीव्र करें तथा जिन कार्यों को शुरू नहीं किया जा सकता है उनको तबदील करने हेतु प्रस्ताव दिनांक-20-07-2015 से पहले अतिरिक्त उपायुक्त, शिमला के कार्यालय को भेजना सुनिश्चित करें ताकि उस राशी का उपयोग किया जा सके व ग्रामीण जनता लाभान्वित हो सके ।

माननीय सांसद महोदया द्वारा ग्राम विकास योजना (VDP) में निर्धारित समय-सारणी के अनुसार निर्धारित प्राथमिकताओं को पूर्ण करने हेतु सभी उपस्थित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए गए व ग्राम विकास योजना (VDP) की प्रगति पर अगस्त माह के तीसरे सप्ताह पुन: समीक्षा बैठक होगी तथा धन्यवाद सहित बैठक को समाप्त किया गया ।

उप निदेशक एवं परियोजना अधिकारी,
जिला ग्रामीण विकास अभिकरण,शिमला, हि.प्र. ।

पृष्ठाकन संख्या:-उपरोक्त 4116-44. दिनांक 24th जुलाई, 2015

प्रतिलिपि:-

1. निदेशक, ग्रामीण विकास विभाग, हिमाचल प्रदेश, शिमला- 171009 को सूचनार्थ प्रेषित है ।
2. समस्त सरकारी एवं गैर सरकरी सदस्य को सूचनार्थ प्रेषित है ।

उप निदेशक एवं परियोजना अधिकारी,
जिला ग्रामीण विकास अभिकरण,शिमला, हि.प्र. ।